।। श्री हरिहरो विजयतेतराम् ।।

श्री हरिहर पंञ्चाङ्ग

वि0 संवत् 2082 सन् 2025-26 ई0





ब्र. श्रीमत्स्वामी हरिहर तीर्थ जी महाराज

ॐ

॥卐॥ श्री गणेशाय नमः॥卐॥

॥श्री हरिहरो विजयतेतराम्॥

श्री हरिहर कैलास ज्ञानसागर के प्रथम रत्न की चतुस्त्रिशतम् किरण

वैदिक सनातन धर्म के व्रत पर्वादि का बोधक

श्री हरिहर पञ्चाङ्ग

विक्रम सम्वत् - 2082

शकाब्द - 1947

ईस्वी सन्-2025-26

"सिद्धार्थी"

राजा-सूर्य

मन्त्री-सूर्य

श्री हरिहर कैलास ज्ञानपीठ (न्यास)

श्री हरिहर कैलास मार्ग, मुनि की रेती, ऋषिकेश

टिहरी गढ़वाल (उत्तराखण्ड) पिन -249137

दूरभाष-स्वामी जी 9412998360, कार्यालय- 9410925552

Email: hariharteerth@gmail.com

Website: hariharkailas.org.in.

नोटः आपके द्वारा दी गई दानराशि आयकर अधिनियम 1961 के अन्तर्गत 80जी व 35एसी धारा के द्वारा कर से मुक्त होगी।

विषय-सूची

भूमिका

छन्दः पादौ तु वेदस्य हस्तौ कल्पोऽथ पठ्यते। ज्योतिषामयनं श्रोत्रमुच्यते।।
शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम् । तस्मात्साङ्गमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयते।।

वेद पुरूष के छः अंगो में ज्योतिष शास्त्र को वेद का नेत्र कहा गया है। अर्थात् ज्योतिष वेद का मुख्य अंग है।

वेदा हियज्ञार्थमभिप्रवृत्ताः कालानुपूर्वाऽभिहिताश्च यज्ञाः।।
तस्मादिदं कालविधानशास्त्रं यो ज्योतिषं वेद स वेद यज्ञान् ।।

वेदों की रचना यज्ञों के लिए हुई है। यज्ञानुष्ठान सुनिर्णीत काल की अपेक्षा रखता है। ज्योतिषशास्त्र काल का निर्णायक है, अतः ज्योतिष तत्व को जानने वाला ही अच्छी प्रकार यज्ञ को जान सकता है। वही सुखस्वरूप यज्ञों को विधि–विधान से कराने में सक्षम है। हमारे प्राचीन ऋषि महर्षियों ने लौकिक एवं पारलौकिक सुखों के लिए यज्ञ–अनुष्ठान और उपासना का मार्ग बताया है।

दिव्य प्रकाश पुंज्ज रूपी ज्योतिष शास्त्र की पांच किरण तिथिवारादि हैं। उन समस्त अवययों का यर्थाथ ज्ञान कराने वाला पाँच अंगो से परिपूर्ण पंचाग आदरणीय है।

श्रौतं स्मार्तं च गार्हस्थयं यद्विना नैव सिद्धयति।
तत्कालाख्येश्वरस्याङ्गं वन्दे तिथ्यादिपञ्चकम् ।।

ग्रहस्थ के वैदिक तथा स्मार्त कोई भी कार्य बिना तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण इन **पंञ्च अंग** के सम्यक् ज्ञान के बिना सम्भव नहीं है। देवभूमि हिमालय के द्वार पर स्थित पुण्य क्षेत्र ऋषिकेश में पुण्य सलिला भगवती भागिरथी के पावन तट पर लौकिक एवं ब्रह्मविद्या का सुविदित केन्द्र '' श्री हरिहर कैलास ज्ञानपीठ'' प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी यह ' श्री हरिहर **पंञ्चाङ्ग** प्रकाशित कर रहे हैं। जो कि सम्पूर्ण मानव जीवन के सुचारू कर्म प्रवाह

की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। 'गागर में सागर' न्याय से सरलीकरण हेतु इस **पंञ्चाङ्ग** की उपादेयता स्वत: सिद्ध है। हमें विश्वास है कि पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी धर्म प्रेमी जिज्ञासु एवं भक्तवृन्द इस परमार्थ कार्य से लाभान्वित होकर पुण्य के भागी बनेंगे।

।। पंञ्चाङ्ग देखने के लिए आवश्यक निर्देश ।।

यह पंचाग 30 अक्षांश के ऊपर आधारित है। तिथ्यादि का नाम घण्टा–मिनट में होने से सर्वत्र उपयोगी है। पाठकों की सुविधा के लिए तिथि नक्षत्र के समाप्तिकाल तथा चन्द्रमा का राशि प्रवेश (प्रारम्भ) काल भी घण्टा –मिनट में दिए गए हैं। पंचक, भ्रदा, संक्रान्ति तथा पुण्यकाल आदि के प्रारम्भ एवं समाप्ति काल भी दिये गये है। तिथि आदि के घण्टा–मिनट में जहाँ 28:08. लिखा हो वह रात्रि 4:08 मिनट समझना चाहिए।

इस **पंञ्चाङ्ग** में करण सूर्योदयव्यापी ही लिखे गये हैं पक्ष वाले पृष्ठों पर शुक्ल पक्ष में तिथि के कॉलम में 15 की पूर्णिमा तथा कृष्ण पक्ष में 30 को अमावस्या समझना चाहिए।

'गते' से वैशाख आदि मासों के प्रविष्टा समझना चाहिए।

जिस दिन अग्निवास भूलोक में है उस दिन के आगे आग का चिन्ह अंकित किया गया है।

दैनिक हवन, पर्व आदि शुभ कार्यो में तथा दुर्गानुष्ठान, मुण्डन,विवाह आदि में अग्निवास न होने पर भी हवन कर सकते हैं। आशय यह है कि उक्त कार्यो में अग्निवास विचारणीय नहीं है।

यात्रा शुभ दिशा के कॉलम में प्रतिदिन राशियों के अनुसार शुभ दिशा दी गयी है, दिन के जिस घं मि. से राशि प्रवेश प्रारम्भ होगा, वही घं. मि. से शुभ दिशायें लागू होंगी। जिस राशि के सामने घं. मि. की संख्या नही है उस राशि का प्रारम्भ काल सूर्योदय काल समझे।

।। पंञ्जाङ्ग देखने के लिए आवश्यक निर्देश ।।

दि = दिन, रा = रात्रि, प्रा. = प्रात: सा. = सांयकाल

अथ नवसंवत्सर (सिद्धार्थी) का फल
(वि. सं 2082 सन् 2025-2026)

कल्पादि से गत वर्ष 1972949126 सृष्टि संवत् 19555885126, श्री विक्रम संवत 2082, शक संवत 1947, श्रीकृष्ण जन्म संवत 5126, सप्तर्षि संवत 5101, काले संवत 5126, श्री जैन महावीर निर्वाण संवत 2550-51, श्रीबुद्ध संवत 2648-49, वर्षारम्भ 2082 विक्रम संवत में (सिद्धार्थी) नामक संवत्सर का प्रवेश हो रहा है। वर्षारम्भ में रुद्रविंशति के अनुसार एकादश युग का सिद्धार्थी नामक संवत प्रारम्भ होगा । इसकी अवधि 15 मार्च 2025 से 10 मार्च 2026 तक रहेगी । विक्रम संवत 2032 का आरम्भ 28 मार्च 2025 को उत्तराभाद्रपद नक्षत्र , ब्रह्म योग एवं सिंह लग्न में होगी इसी के अनुसार वर्ष का प्रथम वार रवि होने से राजा का पद सूर्य को मिलेगा वसन्त नवरात्र का आरम्भ 30 मार्च 2025 के रेवती नक्षत्र में होगा , इसी दिन से पूजा - पाठ , दान - यज्ञ आदि संकल्पों में सिद्धार्थी नामक संवत का उच्चारण

'सिद्धार्थी' नामक संवत्सर का फल विचार-

1. राजा-सूर्य	2. मन्त्री-सूर्य	3. सस्येश-बुध
4. धान्येश-चन्द्र	5. मेघेश सूर्य	6. रसेश-शुक्र
7. नीरसेश-बुध	8. फलेश-शनि	9 धनेश-मंगल
10. दुर्गेश-शनि		

''सद्धार्थवत्सरे भूयो ज्ञानवैराग्ययुक प्रजाः।
सकलावसुधाभातिबहु सस्यार्धवृष्टिभिः॥''

अर्थात-जिस वर्ष राजा एवं मत्री का पद एक ही ग्रह को मिलता है। उस वर्ष राजनेता अधिक मनमानी करते है। वर्षा कम होना , अग्निकाण्ड , भूकम्प , सामाजिक उपद्रवी से जनता त्रस्त होती है । प्रतिकूल जलवायु के बाद भी धान्यादि प्रचूर मात्रा में होते हैं । प्रजा में ज्ञान-वैराग्य की वृद्धि होती है । सस्येश बुध होने से मेघ अधिक बरसे, ब्राह्मण भक्ति में तत्पर हो, महगाई बढे, धान्येश चन्द्र होने से जनसंख्या के साथ, कपास, चना, सोयाबीन, सरसो, गेहूँ तथा दूग्ध उत्पादन में वृद्धि हो , नदी तालाब में जलस्तर बढे । मेघेश रवि होने से संसार मे भय व्याप्त हो लेकिन धान्य में वृद्धि हो । रसेश शुक्र होने से पृथ्वी पर सुर्भिक्ष, एवं सुविधाओं में वृद्धि हो। नीरसेश बुध होने से रंगीन वस्त्र, रत्न, धातू शंख व चन्दन के मूल्य बढे । फलेश शनि होने से जंगली वनस्पति में कमी, पहाड़ो में प्रतिकूल वातावरण होने से हानि, प्रदूषण के कारण श्वसन रोग बढे। घनेश मंगल होने से वस्तुओं के मूल्य मे कमी-वृद्धि होने से शेयर व व्यवसाय में अस्थिरता आयेगी शासन की नीतियों से प्रजा परेशान होगी। दुर्गेश शनि होने से विभिन्न देशो मे युद्ध की स्थिति बने , प्रजा पलायन करे प्राकृतिक प्रकोपो से जन-धन -कृषि की हानि होगी ।

सारांश-वर्षेश अर्थात राजा का प्रभाव काश्मीर-अफगानिस्तान में सर्वाधिक मंत्री का पूर्व एवं कलिंगादि प्रदेश में, सस्येश का ईशान व मध्यप्रदेश में, धान्येश का नर्मदा तट, मेघेश का मगध (बिहार) में , रसेश का कोंकण व गोवा , नीरसेश का मालवा , उज्जैन- इन्दौर आदि में , फलेश का

काश्मिरादि पश्चिमी भाग में , तथा धनेश व दुर्गेश का फल सर्वत्र समान होता है । उपरोक्तानुसार ही संवत्सर का फल जाने ।

वि.स. 2082 में लाभ-हानि विचार (राशि अनुसार)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय	14	08	11	05	08	11	08	14	02	05	05	02
व्यय	14	08	05	05	11	05	08	14	02	02	02	08

देखने की विधि : स्वयं की राशि के आय-व्यय को जोड़कर 01 घटावे, शेष में 8 का भाग दें अंत में शेष 01 बचे तो लाभ, 02 शेष बचे तो सुख-समृद्धि, 03 बचे तो क्लेश, 04 बचे तो रोग, 05 बचे तो मान हानि, 06 बचे तो सम्मान, 07 बचे तो विजय, 08 या 00 बचे तो पूरे वर्ष में परेशानी जानें।

तिथि ज्ञान

तिथि : चन्द्रमा की एक कला को तिथि माना गया है। इसका चन्द्र और सूर्य के अन्तरांशों से मान निकाला जाता है। प्रतिदिन 12 अंशों का अन्तर सूर्य और चन्द्रमा का भ्रमण में होता है। यही अन्तरांश का मध्यम मान है। अमावस्या के बाद प्रतिपदा से लेकर पूर्णिमा तक तिथियाँ शुक्ल पक्ष की और पूर्णिमा के बाद प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक की तिथियाँ कृष्ण पक्ष की होती हैं।

तिथि	संकेतक	स्वामी	तिथि	संकेतक	स्वामी
प्रतिपदा	1	अग्नि	द्वादशी	12	विष्णु
द्वितीया	2	ब्रह्मा	त्रयोदशी	13	काम
तृतीया	3	गौरी	चतुर्दशी	14	शिव
चतुर्थी	4	गणेश	पूर्णमासी	15	चन्द्रमा
पञ्चमी	5	शेषनाग	अमावस्या	30	पितर
षष्ठी	6	कार्तिकेय			
सप्तमी	7	सूर्य			
अष्टमी	8	शिव			
नवमी	9	दुर्गा			
दशमी	10	काल			
एकादशी	11	विश्वदेवा			

नक्षत्र, वार, योग, करण का ज्ञान

नक्षत्र : चन्द्रमा जिस राशि, अंश,कला,विकला में होता है, उस भाग का स्वामी जो तारा माना गया है वह नक्षत्र कहलाता है। ऐसे नक्षत्र 28 हैं।

क्र.सं.	सांकेतिक अक्षर	पूर्ण नाम	स्वामी
1	अश्वि	अश्विनी	अश्विनी कुमार
2	भर	भरणी	यमराज
3	कृति	कृत्तिका	अग्नि
4	रोहि	रोहिणी	ब्रह्मा
5	मृग	मृगशिरा	चन्द्रमा
6	आर्द्रा	आर्द्रा	शिव
7	पुन	पुनर्वसु	अदिति
8	पुष्य	पुष्य	बृहस्पति
9	आश्ले	आश्लेषा	सर्प
10	मघा	मघा	पित्तर
11	पू.फा.	पूर्वा फाल्गुनी	भग
12	उ.फा.	उत्तरा फाल्गुनी	अर्यमा
13	हस्त	हस्त	सूर्य
14	चित्रा	चित्रात्वष्टा	विश्वकर्मा
15	स्वाती	स्वाती	वायु
16	विशा	विशाखा	इन्द्राग्नि
17	अनु	अनुराधा	मित्र
18	ज्ये	ज्येष्ठा	इन्द्र
19	मूला	मूल	नैॠत्य (राक्षस)
20	पू.षा.	पूर्वाषाढ	जल
21	उ.षा	उत्तराषाढ	विश्वेदेवा
22	श्रव	श्रवण	विष्णु
23	धनि	धनिष्ठा	अष्टवसु
24	शत	शतभिषा	वरूण
25	पू.भा.	पूर्वा भाद्रपद	अनचरण
26	उ.भा.	उत्तरा भाद्रपद	अहिर्बुध्न्य
27	रेव	रेवती	पूषा
28	अं	अभिजित	ब्रह्मा

योग: सूर्य चन्द्रमा के राशि, कला, विकला के जोड़ को योग कहते हैं ये 27 है।

क्र.सं.	पूर्ण नाम	सांकेतिक अक्षर	योगों के स्वामी
1	विष्कुम्भ	विष्क	यम
2	प्रीति	प्रीति	विष्णु
3	आयुष्मान्	आयु	चन्द्रमा
4	सौभाग्य	सौभा	ब्रह्मा
5	शोभन	शोभ	बृहस्पति
6	अतिगण्ड	अति	चन्द्रमा
7	सुकर्मा	सुक	इन्द्र
8	धृति	धृति	जल
9	शूल	शूल	सर्प
10	गण्ड	गण्ड	अग्नि
11	वृद्धि	वृद्धि	सूर्य
12	ध्रुव	ध्रुव	भूमि
13	व्याघात	व्या	वायु
14	हर्षण	हर्ष	भग
15	वज्र	वज्र	वरूण
16	सिद्धि	सिद्धि	गणेश
17	व्यतिपात	व्यति	रूद्र
18	वरीयान्	वरी	कुबेर
19	परिघ	परि	विश्वकर्मा
20	शिव	शिव	मित्र
21	सिद्ध	सिद्ध	कार्तिकेय
22	साध्य	साध्य	सावित्री
23	शुभ	शुभ	लक्ष्मी
24	शुक्ल	शुक्ल	पार्वती
25	ब्रह्मा	ब्रह्म	अश्विनी कुमार
26	ऐन्द्र	ऐन्द्र	पितर
27	वैधृति	वैधृ	दिति

करण : तिथि के आधे भाग को 'करण' कहते है अर्थात् एक तिथि में दो करण होते हैं। करणों के नाम नीचे दिये गये हैं।

क्र.सं.	पूर्ण नाम	सांकेतिक अक्षर	योगों के स्वामी
1	बव	ब	इन्द्र
2	बालव	वा	ब्रह्म
3	कौलव	कौ	सूर्य
4	तैतिल	तै	सूर्य
5	गर	ग	पृथ्वी
6	वणिक्	व	लक्ष्मी
7	विष्टि	वि	यम
8	शकुनि	श	कलियुग
9	चतुष्पद्	च	रूद्र
10	नागवान्	नाग	सर्प
11	किंस्तुघ्न	किं	वायु

वार आदि का संक्षिप्त परिचय

वार : ज्योतिष शास्त्र के अनुसार आज के सूर्योदय से दूसरे दिन के सूर्योदय तक वार मानते है।

संकेत	बार	संज्ञक
रवि	रविवार	स्थिर
सोम	सोमवार	चर
मंग	मंगलवार	उग्र
बुध	बुधवार	सम
गुरू	गुरूवार	लघु
शुक्र	शुक्रवार	मृदु
शनि	शनिवार	तीक्ष्ण

राशि तथा नक्षत्र चरण से नामाक्षर बोध चक्र

राशि	नक्षत्र	चरणाक्षर
मेष	अश्विनी	चू चे चो ला
	भरणी	ली लू ल लो
	कृतिका	अ 0 0 0
वृष	कृतिका	0 इ उ ए
	रोहिणी	ओ व वि वि
	मृगशिरा	व वो 0 0
मिथुन	मृगशिरा	00 क की
	आर्द्रा	कु च ड छ
	पुनर्वसु	के को हा 0
कर्क	पुनर्वसु	0 0 0 0 ही
	पुष्य	हू हे हो डा
	आश्लेषा	डी डू डे डा
सिंह	मघा	मा मी मू मे
	पूर्वा फाल्गुनी	मो टा टी टू
	उत्तरा फाल्गुनी	टे 0 0 0
कन्या	उत्तरा फाल्गुनी	0 टो पा पी
	हस्त	पू ष ण ठ
	चित्रा	पे पो 0 0

विवाहादी समस्त मांगलिक कार्य, विशेष मुहूर्त यात्रा ग्रह दशा, ग्रहों की गणना दिन दिशा देखने के लिए जन्म राशि की प्रधानता मानी गई है। देश, ग्राम, नगर, घर निवास युद्ध, व्यवसाय, दैनिक व्यवहार, कोर्ट–कचहरी, न्यायालय, रजिस्ट्रीकरण, लेन–देन, आगम प्राप्ति से सम्बन्धित सभी कार्यो में नामराशि मान्य है, जन्मराशि का महत्व नहीं।

राशि	नक्षत्र	चरणाक्षर
तुला	चित्रा	0 0 रा री
	स्वाती	रू रे रो ता
	विशाखा	ती तू त 0
वृश्चिक	विशाखा	0 0 0 तो
	अनुराधा	ना नी नू ने
	ज्येष्ठा	नो या यी यू
धनु	मूल	ये यो भा भी
	पूर्वाषाढ़	भू धा फा ढा
	उत्तराषाढ़	भे 0 0 0
मकर	उत्तराषाढ़	0 भो जा जी
	श्रवण	खी खू खे खो
	धनिष्ठा	गा गी 0 0
कुम्भ	धनिष्ठा	0 0 गू गे
	शतभिषा	गो सा सी सू
	पूर्वाभाद्रपद	से सो द 0
मीन	पूर्वाभाद्रपद	0 टो पा पी
	उत्तराभाद्रपद	दू थ झ ञ
	रेवती	दे दो चा ची

गर्भाधानादि षोडश संस्कार सुसम्पन्नता हेतु जन्मराशिस्थ चन्द्रबल का विचार करना चाहिए। अन्य सभी कार्यो में नामराशि देखनी चाहिए।

यदि जन्मराशि ज्ञात न हो तो नामराशि नक्षत्र से ही विवाहादि सम्पादन में लग्न ग्रहबल का विचार कर लेनी चाहिए।

भारत में दृश्य एवं अदृश्य ग्रहणों का संक्षिप्त विवरण (वि.सं. 2082, सन् 2025-26 ई0)

1. पूर्णचन्द्रग्रहण (भारत में दृश्य) - सोमवर 07-08 सितम्बर 2025

2. आंशिक सूर्य ग्रहण (भारत मे अदृश्य) - रविवार 21 सितम्बर 2025

3. वलयाकार सूर्यग्रहण (भारत मे अदृश्य) - मंगलवार 17 फरवरी 2026

4. पूर्ण चन्द्र ग्रहण (भारत मे दृश्य) - मंगलवार 03 मार्च 2026

पूर्णचन्द्र ग्रहण 07 सितम्बर रविवार- यह ग्रहण अंटार्कटिका, पश्चिमी प्रशांत महासागर, आस्ट्रेलिया, एशिया, हिन्द महासागर, यूरोप , पूर्वी अटलांटिक महासागर के कुछ हिस्सो मे दिखाई देगा। आइसलैण्ड, अफ्रीका के पाश्चिमी भाग और अटलांटिक महासागर के कुछ भाग में उपच्छाया का अंत चन्द्रोदय के समय दिखाई देगा । यह ग्रहण भारत के सभी हिस्सो में दिखाई देगा। पूरे देश मे ग्रहण के आरम्भ से अंत तक सभी चरण दिखेगें इसका सूतक दोपहर 12:56 से आरम्भ हो जायेगा।

उपच्छाया प्रवेश- रात्रि 08:56 से

ग्रहण प्रारम्भ - रात्रि 09:56 से

पूर्णता प्रारम्भ- मध्यरात्रि 11:00 से

ग्रहण मध्य- मध्यरात्रि 11:41 से

पूर्णता समाप्त - मध्यरात्रि 12:23 से

ग्रहण समाप्त (मोक्ष) - मध्य रात्रि 01:26 पर

उपच्छाया अन्त - मध्यरात्रि 02.26 पर

ग्रहण (परिमाण) - 1:368

ग्रहण की अवधि - 3 घण्टे 30 मिनट

पूर्णता की अवधि - 01 घंटा 23 मिनट

ग्रहण का राशियों पर प्रभाव-

मेष-धनलाभ-उन्नति, वृष- रोग, पीड़ा, मिथुन- संतान व गुप्त चिंता, कर्क- शत्रु भय, साधारण लाभ व व्यय, सिंह-जीवन साथी चिंता, कन्या-रोग, गुप्त-चिंता, संघर्ष, तुला-व्यय अधिक, कार्य विलम्ब, वृश्चिक-कार्यसिद्धि-लाभ, धनु-धनलाभ, उन्नति, मकर-धनहानि, व्यर्थ यात्रा, कुम्भ-दुर्घटना, शत्रुता, मीन, धनहानि-चिंता।

आंशिक सूर्य ग्रहण (भारत में अदृश्य) रविवार 21 सितम्बर 2025 ई0-यह ग्रहण न्यूजीलैण्ड,पूर्वी मेनालेशिया, दक्षिणी पोलिनेशिया, पश्चिमी अंटार्कटिका आदि क्षेत्रों में दिखाई देगा, यह ग्रहण भारत में कही भी दिखाई नही देगा, अत: ग्रहण के सूतक सम्बन्धित यम-नियम मान्य

नही होगें।

वलयाकार सूर्य ग्रहण मंगलवार 17 फरवरी 2026 (भारत में अदृश्य)- यह ग्रहण दक्षिणी अर्जेंटिना, चिली, दक्षिणी अफ्रीका और अंटार्कटिका के क्षेत्रों में दिखाई देगा, यह ग्रहण भारत के किसी भी प्रदेश में दिखाई नहीं देगा, अत: ग्रहण के सूतक नियम भी मान्य नहीं होंगे।

पूर्ण चन्द्रग्रहण मंगलवार 03 मार्च 2026 (भारत में दृश्य)–यह ग्रहण पूर्वी एशिया, आस्ट्रेलिया, प्रशान्त महासागर और अमेरिका के क्षेत्रों में पूर्ण रूप से तथा अर्जेंटिना–पेराग्वे के कुछ भाग, बोलिविया, ग्रीनलैण्ड, ब्राजील और उत्तरी अटलांटिका महासागर में उपच्छाया प्रवेश का प्रारम्भिक चरण चन्द्रास्त के समय दिखाई देगा। रूस, कजाकिस्तान, अफगानिस्तान, भारत, श्रीलंका, मालदीव और हिन्द महासागर में ग्रहण की उपच्छाया का अन्त चन्द्रोदय के समय दिखाई देगा। भारत में ग्रहण का सूतक प्रात: 06:20 से आरम्भ हो जायेगा।

ग्रहण की परिस्थितियां :-

उपच्छाया प्रवेश–दोपहर 02:12 से। **ग्रहण (स्पर्श)**–दोपहर 03:20 से, **पूर्णता प्रारम्भ**–सायं 04:34 से। **ग्रहण मध्य**–सांय 05:05 से, **पूर्णता समाप्त**–सायं 05:33, ग्रहण **समाप्त (मोक्ष)**–सायं 06:47 पर, **उपच्छाया अन्त**- सायं 07:55 पर, **ग्रहण परिमाण**–1:55, **ग्रहण की अवधि**- 03 घण्टे 28 मिनट, **पूर्णता की अवधि**–59 मिनट।

ग्रहण का राशियों पर प्रभाव- मेष–व्यय अधिक, व्यर्थ परिश्रम, वृष- कार्यसिद्धि धन–लाभ, मिथुन–प्रगति, पुरूषार्थ वृद्धि, कर्क–धनहानि–कष्ट, सिंह–चोट–भय, धनहानि, कन्या–धनहानि–कष्ट, तुला–धन व सुख लाभ, 08 वृश्चिक–रोग–कष्ट–चिंताभय, धनु–संतान्त कष्ट, मकर–शत्रु, दुर्घटना भय, अपव्यय, कुम्भ–जीवन साथी कष्ट, 12 मीन–रोग चिंता, कार्य विलम्ब।

नोट–यह ग्रहण पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र तथा सिंह राशि में होने से इस नक्षत्र के जातकों को ग्रस्तोदय ग्रहण विशेष रूप से कष्टकारी रहेगा। जिन राशियों के लिए ग्रहण अशुभ है उन्हें यथाशक्ति जप–पाठ एंव दानादि द्वारा अशुभ प्रभाव को कम करने के प्रयत्न तथा ग्रहण के उपरान्त भी औषधि स्नान करने से अरिष्ट शान्ति होती है।

मीन राशिस्थ शनि की साढेसाती एवं ढैय्या का फल विचार
(29 मार्च 2025 ई0 से 19 मार्च 2026 ई0 तक)

दिनांक 29 मार्च 2025 रात्रि 09:40 पर शनि देव मीन राशि में प्रवेश करेंगे। इस अवधि में 28 अप्रैल 2025 को प्रात: 06:16 पर उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। 13 जुलाई 2025 को प्रात: 09:36 पर वक्री होंगे। 03 अक्टूबर 2025 को मध्यरात्रि 11:45 पर पूर्वाभाद्रपद में प्रवेश तथा 28 नवम्बर 2025 को प्रात: 09:21 पर मार्गी होगें तथा 20 जनवरी 2026 को प्रात: 10:46 पर उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में प्रवेश केरेंगे। इस वर्ष मेष, कुम्भ व मीन राशि साढेसाती तथा सिंह व धनु राशि के जातक ढैय्या के प्रभाव में रहेंगे।

राशि	ढैय्या या साढ़ेसाती,	पाद	साढ़ेसाती		शुभाशुभ प्रभाव
			किस अंग पर	चढती/उतरती	
सिंह	ढैय्या	लौह	-	-	शारीरिक कष्ट, रक्त विकार,स्त्री संतान-पशु पीड़ा, राजपक्ष से कष्ट, व्यवसाय में हानि, अधिक संकट रहे।
धनु	ढैय्या	लौह	-	-	शरीर-रक्त विकार स्त्री-पुत्र-पशु कष्ट व्यापार में हानि, अर्थिक संकट भी रहे।
कुम्भ	साढ़ेसाती	रजत	पाद	उतरती	व्यापार में प्रगति, धन-धान्य व अनेक सम्पदा लाभ, घर में मंगल कार्य हो, राजपक्ष में सम्मान व प्रभाव क्षेत्र बढे।
मीन	साढ़ेसाती	सुर्वण	हृदय	मध्य	निजजन विरोध, शत्रु बढे, गृह क्लेश, अनेक विविध रोगों से परेशानी, वृथा व्यय, धननाश।
मेष	साढ़ेसाती	लौह	मस्तक	चढती	शरीर कष्ट हो, स्त्री-पुत्र-पशु हानि, व्यापार में हानि, रक्त विकार, राजपक्ष से भय व आर्थिक संकट रहे।

2739 दिनों की शनि साढेसाती का प्रभाव		
कालावधि दिनों में	प्रभावित अंग	फल विचार
1 से 100	मुख	धनहानि हो, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावित हो
101 से 500	दायी भुजा	व्यवसाय में परिर्वतन, विजय मिले, बीमारी, धनहानि व सफलता मिले।
501 से 912	चरण	यात्राऐं, गृह क्लेश, शत्रुभय, धनहानि अथवा लाभ, भाग्योदय

913 से 1600	उदर	निवास स्थान में परिर्वतन, अपमान, शत्रुभय, धननाश।
1601 से 1825	बांयी भुजा	भाग्यहानि, अपमान, रोग,धननाश, व्यवसाय में परिवर्तन।
1826 से 2300	मस्तिष्क	दाम्पत्य व गृह क्लेश, पितृ-सन्तान-कष्ट, सफलता-लाभ।
2301 से 2500	दोनों नेत्र	उन्नति व सौभाग्य, दूरदृष्टि, विवेक वृद्धि, स्थिरता, सही निर्णय।
2501 से 2739	गुदा	शारीरिक व मानसिक कष्ट, अकेलापन, धनहानि, विविध क्लेश।

साढेसाती में प्रत्येक राशि के लिए शनि का सामान्यतः अशुभ फल कब होगा –

मेष राशि वालों के बीच के अढ़ाई वर्ष खराब है। वृष को पहले अढ़ाई वर्ष, मिथुन को अन्त में अढ़ाई वर्ष, कर्क को बीच के अढाई वर्ष, सिंह को पहले 5 वर्ष, उनमें भी मध्य के अढ़ाई वर्ष खराब है। कन्या को पहले 5 वर्ष उनमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ है। तुला को आखिर अढाई वर्ष, वृश्चिक को अन्तिम 5 वर्ष नेष्ट है उनमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ है। धनु को प्रारम्भ के अढाई वर्ष, मकर को पहले 5 वर्ष, उनमें भी पहले अढाई वर्ष विशेष खराब है। कुम्भ को आदि एवं अन्त के पांच वर्ष, विशेषतः अन्त के अढाई वर्ष अधिक अशुभ है। मीन को पूरे साढेसात वर्ष नेष्ट है। उनमें भी अन्त के अढाई वर्ष विशेष अशुभ फल देने वाले होते है।

शनिजन्य नेष्टफल – शान्त्यर्थ शास्त्रीय उपाय

शनि की साढेसाती/ढैय्या के नेष्टफल की शान्ति के लिए शनि के बीच मन्त्र या वैदिक मन्त्र का 23,000 की संख्या में विधिपूर्वक जाप करें। तदुपरान्त दशांश हवानादि करें। शनिवार के दिन सतनाजा–दान, लौहपात्र में छायादान,शनिस्तोत्र का पाठ करना/कराना श्रेयस्कर रहता है। इसके अतिरिक्त शुभ बेला में 'नीलम' रत्न एवं 'शनियन्त्र' धारण करना भी आश्चर्यजनक रूप से लाभप्रद रहता है। परन्तु रत्न धारण करने से पूर्व शनि के अंशादि का अध्ययन करवाकर किसी दैवज्ञ का परामर्श ले लेना श्रेयस्कर होगा।

शनि का बीच मंत्र :– ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः ।''

प्रतिदिन 3 माला मन्त्रजाप करें। मन्त्रजाप से पहले''अमुक मासे, अमुक पक्षे, अमुक तिथौ, शनैश्चर–नेष्टफलशान्त्यर्थम् शनि–मन्त्रजापमहं करिष्ये'' इस प्रकार संकल्प करके शनि–मन्त्रजाप करें।

शनिवारी अमावस वाले दिन सूर्यास्त के समय (गोधुलि वेला में) शनि–मन्त्रजाप स्त्रोत्र पाठ करें एवं लौहे के पात्र में तेल भरकर उस तेल में मुंह देखकर, उसमें एक लौंग डालकर दान करें और सायंकाल पीपल के नीचे दीपक जलायें।

मन्त्रजाप की विधिः– अनुष्ठान शनिवार को शुरू करें। सूर्यास्त के समय स्नान करके कम्बल के आसन पर बैठकर, (पश्चिम की तरफ मुंह करके) लौह के खुले बर्तन में जौ, लौंग एवं काले तिल प्रत्येक 200 ग्राम लेकर एक अंजलिभर चावल और 7 सुपारी रखें। मौली,धूप,लाल चन्दन,, दो अपूप (पूडे) भी साथ लें। मिट्टी के बर्तन में तेल का दीपक प्रज्जवलित करें एवं एक स्टील का लोटा तेल से भरकर सामने रखकर ''ऊ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः'' इस मन्त्र का कुल 23 हजार जाप करें। मन्त्रजाप पूर्ण होने के बाद सारी सामग्री, जो सामने रखी थी को जलप्रवाह कर दें। तेलभरी गड़वी (लोटा) में लौंग डालकर शनि वाले डकौत को दें। सामग्री को जलप्रवाह करते समय निम्नांकित मन्त्र का उच्चारण करें –

'' ॐ नमः कृष्णाय नीलाय शिति-कण्ठनिभाय च।
नमः कालाग्नि-रूपाय कृतान्ताय च ते नमः ।।''

इस मन्त्रोच्चारण के बाद ''दूर जाते हुए शनि को पृष्ठभाग'' से नमस्कार करके घर को जायें। किसी अच्छे विद्वान दैवज्ञ के परामर्श से (कुण्डली दिखाकर) 'नीली' या 'नीलम' नग धारण करना भी ठीक रहेगा।

'नीलम' रत्न का काम देने वाली वनौषधि

शनिदोष निवारण के लिए अनेक व्यक्ति 'नीलम' धारण करते हैं, परन्तु सबको अनुकूल बैठने वाला शुद्ध 'नीलम' रत्न कम मिलता है। उसकी भले–बुरे की परीक्षा भी कठिन है और यह रत्न बहुमूल्य (महंगा) होता है। अतः सर्वसाधारण मनुष्य खरीद नहीं सकते । ऐसे व्यक्ति नीलम के अभाव में 'बिच्छू बूटी' की जड़ का प्रयोग करें। बिच्छू बूटी हिमाचल प्रदेश में बहुत होती है। कोमल कांटेदार पत्तों को स्पर्श करने से वृश्चिकदंश जैसी पीड़ा होने लगती है। अतः इसका नाम बिच्छू बूटी है। शुक्ल पक्ष शनिवार को प्रातः (यदि पुष्य नक्षत्र भी मिल जाये तो अत्युत्तम) बिच्छू बूटी को जड़ से उखाड़कर ले आयें। पहले दिन शुक्रवार की संध्या को निमन्त्रण दे आये।

इस जड़ के टुकड़े को चांदी के ताबीज में भरकर शनिमन्त्र से धारण करें। यह हर व्यक्ति का शनिदोष निवारण करती है।

शनिजन्य नेष्टफल-शान्त्थे वैदिक मन्त्र :-

"ऊँ शं नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये,
शंय्योरभिस्त्रवन्तु नंः। शं शनये नमः।।"

शनिजन्य नेष्टफल -शान्त्यर्थ शनैश्चर स्तोत्र पिप्पलाद उवाच-

"ऊँ नमस्ते कोणसंस्थाय पिंगलाय नमोऽस्तु ते ।।
नमस्ते बभ्रुरूपाय कृष्णाय च नमोऽस्तु ते ।।
नमस्ते रौद्रदेहाय नमस्ते चान्तकाय च।
नमस्ते यमसंज्ञाय नमस्ते सौरये विभो।।
नमस्ते मन्दसायं शनैश्चर नमोऽस्तु ते ।।
प्रसादं कुरू देवे देवेश दीनस्य प्रणतस्य च ।।"

इस स्तोत्र का पाठः शनिवार को पीपल के नीचे बैठकर एवं अन्य दिनों में भगवान शंकर से प्रार्थनापूर्वक शिव मन्दिर या घर में भी बैठकर प्रातः करने से साढेसाती व ढैय्या की दुःखद पीड़ा नहीं होती है, अनुभूत है।

शनिजन्य नेष्टफल परिहार्थ तुलादान करायेः-

विधिः- शनि ग्रह से पीड़ित व्यक्ति अपने जन्मदिन पर या शनैश्चरी अमावस के दिन में लगभग 11/12 बजे गेहूं, काले चने, चावल, बाजरा, कालीदाल (माह) जौ, मूंग, आदि (सात) अनाजों से अपने वजन के बराबर तौल कर (तुलादान) करें। साथ ही तेल में मुंह देखकर दक्षिणासहित शनि का दान लेने वाले (ढौंसी) को दे दें। बाद में तुलादान के समय पहने हुए कपड़े भी स्नान करके दान कर दें।

नोट :– तुलादान से पहले यदि कोई बहुमूल्य आभूषण आदि शरीर पर धारण किया हुआ हो, वह भी उतार दें, अन्यथा वह भी दान करना होगा।

(1) भगवान् परशुराम जन्मोत्सव (29 अप्रैल, मंगलवार)

वैशाख शुक्ल तृतीया को भगवान् परशुराम जयन्ती मनाई जाती है । भविष्यपुराण अनुसार वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि को रात्रि के प्रथम प्रहर (प्रदोषकाल) में भगवान् परशुराम का अंशावतार हुआ था।

इस वर्ष 29 अप्रैल मंगलवार को तृतीया तिथि सायं 5 बजकर 32 मिनट (17:32) बाद रात्रि प्रथम प्रहर (प्रदोष) व्यापिनी है। अतएव भगवान् परशुराम जयन्ती 29 अप्रैल, मंगलवार, 2025 ई. को ही शास्त्रसम्मत होगी । अगले दिन 30 अप्रैल को तृतीया तिथि प्रदोष व्यापिनी नहीं है ।

(2) श्रीगंगा - जन्मोत्सव (3 मई , शनिवार)

बैशाख शुक्ल सप्तमी को श्रीगंगा जी की उत्पत्ति हुई थी। श्रीगंगा-पूजन, भागीरथ आदि देव ऋषि पूजन मध्याह्न-व्यापिनी वैशाख शुक्ल सप्तमी तिथि में करना चाहिए। धर्मसिन्धुकार का यह वाक्य है,

इस वर्ष वैशाख शुक्ल सप्तमी तिथि केवल 3 मई, 2025 ई. को ही मध्याह्न- व्यापिनी है । तद्नुसार उपरोक्त शास्त्र वाक्यानुसार 'श्रीगंगा - जन्मोत्सव' 3 मई, 2025 ई. को मनाया जाएगा। (3 मई , 2025 ई.) को हरिद्वार में मध्याह्न -काल लगभग प्रात: 10 बजकर 55 मिं. से दोपहर 01 बजकर 34 मि. तक रहेगा ।

(3) श्रीजानकी (सीता) जन्मोत्सव (5 मई , सोमवार)

श्री सीता (जानकी) जी का आविर्भाव बैशाख शुक्ल नवमी, मंगलवार, पुष्य-नक्षत्र कालीन तथा मध्याह्न के समय हुआ था।

इस वर्ष यह नवमी अष्टमीयुता वाले दिन (5 मई 2025 ई0) मध्याह्न-काल को व्याप्त है। 6 मई मंगलवार को यह मध्याह्न व्यापिनी नहीं है। अत: शास्त्र-नियमानुसार यह पर्व अष्टमीयुता तथा मध्याह्न-व्यापिनी नवमी वाले दिन 5 मई सोमवार को ही मनाया जाएगा।

(4) श्रीनृसिंह जन्मोत्सव (11 मई , रविवार)

'धर्मसिन्धु' अनुसार सूर्यास्तकाल-व्यापिनी वैशाख शुक्ल चतुर्दशी के दिन 'नृसिंह जन्मोत्सव' मनायी जाती है। (दोनों दिन सूर्यास्त काल में चतुर्दशी की व्याप्ति या अव्याप्ति की स्थिति में यह जन्मोत्सव दूसरे दिन होगा।)

इस वर्ष वैशाख शुक्ल चतुर्दशी दो दिन 10 एवं 11 मई को सूर्यास्त व्यापिनी है। परन्तु उपरोक्त

शास्त्र नियमानुसार 'नृसिंह जन्मोत्सव' दूसरे दिन 11 मई , रविवार को ही मनाया जाएगा। स्वाति नक्षत्र होने से यह पर्व विशेषतया प्रशस्त होगा ।

(5) निर्जला एकादशी व्रत (ज्येष्ठ शुक्ल) (6-7 जून)

द्वादशी तिथि की वृद्धि हो जाने पर स्मार्त्त गृहस्थी द्वादशीयुता एकादशी वाले दिन और वैष्णव सम्प्रदाय वाले षष्टिघटयात्मक (60 घड़ी) द्वादशी के दिन व्रत करते हैं। दशमी तिथि द्वारा अरुणोदय के वेध और अवेध दोनों स्थितियों में यह नियम समान रूप से चरितार्थ होगा ।

इस वर्ष ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी की वृद्धि हुई है। यह 7 जून 2025 ई. को अहोरात्रव्यापिनी है। अतः उपरोक्त बहुसम्मत माधवमतानुसार इस वर्ष निर्जला एकादशी स्मार्तो (गृहस्थियों) हेतु 6 जून, शुक्रवार को तथा वैष्णव सम्प्रदाय हेतु 7 जून, शनिवार 2025 ई0 को मनाई जाएगी।

(6) योगिनी एकादशी व्रत (आषाढ़ कृष्ण) (21-22 जून)

इस वर्ष आषाढ़ कृष्ण एकादशी का क्षय है। अतः स्मार्त्तो (गृहस्थियों)को (योगिनी एकादशी व्रत) दशमी विद्धा एकादशी में ही करना होगा, क्योंकि ऐसा न करने पर द्वादशी के दिन वैष्णवों के व्रत के साथ ही व्रत करने पर उनको पारणा त्रयोदशी में करनी पड़ेगी, जोकि उनके लिए सर्वथा वर्जित मानी गई है। इसलिए इस वर्ष यह योगिनी एकादशी व्रत स्मार्त्तो (गृहस्थियों) के लिए 21 जून, 2025 ई . के दिन तथा वैष्णवों (संन्यासियों, किसी सम्प्रदाय से दीक्षित, विधवाओं द्वारा 22 जून , 2025 ई . के दिन मनाई जायेगी ।

(7) विवस्वत सप्तमी (1 जुलाई , मंगलवार)

आषाढ़ शुक्ल सप्तमी को भगवान् सूर्य 'विवस्वान्' नाम से विख्यात हुए थे । इसदिन रथचक्र के समान गोल मण्डल बनाकर उसमें विवस्वान् का गन्ध-पुष्पादि से पूजन करे और अनेक प्रकार के भक्ष्य, भोज्य और पेय पदार्थ अर्पण करके व्रत करें। यह पर्व पूर्वविद्धा आषाढ शुक्ल सप्तमी में मनाया जाता है। इस वर्ष यह सप्तमी 1 जुलाई , 2025 ई . को पूर्व (षष्ठी) विद्धा है , अतः इस वर्ष यह पर्व 1 जुलाई , मंगलवार को ही मनाया जाएगा ।

(8) कज्जली तृतीया (12 अगस्त, मंगलवार)

यह पर्व परा (चतुर्थी) विद्धा तृतीया में मनाने की शास्त्राज्ञा है । 'निर्णयसिन्धु' कार का वचन है- "भाद्र कृष्ण तृतीया 'कज्जली' संज्ञा" सा परा ग्राह्या । इस वर्ष भाद्र कृष्ण तृतीया 12 अगस्त , मंगलवार को चतुर्थी विद्धा है। अतः उपरोक्त नियमानुसार इसे 12 अगस्त, 2025 ई . को ही मनाया जाएगा ।

(9) श्रीकृष्ण - जन्माष्टमी व्रत

(1) **15 अगस्त, शुक्रवार**–अर्धरात्रि–व्यापिनी अष्टमी (स्मार्त्त)–गृहस्थियों के लिए

(2) **16 अगस्त, शनिवार**, उदयकालिक अष्टमी (वैष्णवों के लिए)

श्रीमद्‌भागवत्, श्रीभविष्य, अग्नि, विष्णु आदि पुराणों संहिताओं एवं व्रतोत्सव–निर्णायक सभी धर्मग्रन्थों के अनुसार भगवान् श्रीकृष्ण का अवतार भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि, बुधवार, रोहिणी नक्षत्र एवं वृष राशिस्थ चन्द्रमाकालीन अर्धरात्रि के समय हुआ था–

''सिंहराशिगते सूर्ये गगने जलदाकुले।
मासि भाद्रपदे अष्टम्यां कृष्ण पक्षेऽर्धरात्रिके ।
वृषराशि स्थिते चन्द्रे, नक्षत्रे रोहिणीयुते॥''

(भविष्यपुराणद्ध उत्तरपर्व ५५/१४)

सिद्धान्तग्रन्थ धर्मसिन्धु में भी पूर्वविद्धा (सप्तमीयुता) अर्धरात्रि–कालीन भाद्र–अष्टमी को ग्रहण करने की आज्ञा दी है–

कृष्ण जन्माष्टमीऽयं निशीथव्यापिनी ग्राह्या । पूर्वदिन एव निशीथयोगे पूर्वा ।।

पंजाब, हिमाचल, जम्मू - कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान आदि उत्तर–पश्चिमी राज्यों के करोड़ों स्मार्त्त धर्मावलम्बी गृहस्थी लोग गत सहस्र वर्षों से इसी परम्परा का–अनुसरण करते हुए सप्तमीयुता अर्धरात्रिकालीन वाली अष्टमी को व्रत, जपोपासना आदि कृत्य करते आ रहे हैं । यथा–

'स्मार्त्तानां गृहिणी पूर्वा पोष्या, यर्तिर्भिः निष्कामि, गृहिभिः वनस्थे विधवाभिः वैष्णवैश्च परै वो पोष्याः ॥

ऋषि व्यास, नारद आदि ऋषियों के मतानुसार भी सप्तमीयुता अष्टमी ही व्रत, पूजन आदि हेतु ग्रहण करनी चाहिए।

इस प्रकार 15 अगस्त शुक्रवार को ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का कर्मकाल (अर्धरात्रि अष्टमी) है। अतः इसी समय से पूर्व श्रीकृष्ण के निमित्त व्रत, बालरूप पूजा अर्ध्य–दान व जागरण कीर्तन करना श्रेष्ठ रहेगा।

(10) कुशोत्पाटिनी अमावस्या (23 अगस्त, शनिवार)

भाद्रपद मास की अमावस्या तिथि कुशाग्रहणी के नाम से जानी जाती है। इस दिन कुशा संचय

करने से वर्षभर उसकी शुद्धी रहती है। स्कन्द पुराण के अनुसार कुशों के संचय में संगव काल (दिन के पांच भागों में से दूसरा भाग) व्यापिनी अमावस्या शुभ कही गयी है। इस वर्ष भाद्रपद अमावस्या 22 व 23 अगस्त दोनो ही दिन मध्याह्न व्यापिनी है ता. 23 अगस्त को द्वितीय प्रहर लगभग 10:37 से दोपहर 11:11 तक रहेगा अत: 23 अगस्त को ही कुशोत्पाटन का कार्य प्रशस्त रहेगा।)

(11) श्रीवराह अवतार जन्मोत्सव (23 अगस्त, सोमवार)

भाद्रपद शुक्ल तृतीया तिथि जिस दिन अपरान्ह व्यापिनी हो उसी दिन श्री वराह अवतार जन्मोत्सव मनाया जाता है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार तृतीया तिथि यदि दोनो दिन अपरान्ह व्यापिनी हो या ना हो यह पर्व दूसरे दिन ही मनाया जायेगा। इस वर्ष भाद्रपद शुक्ल तृतीया 25 व 26 अगस्त के दिन अपराह्न व्यापिनी है परन्तु 26 अगस्त के दिन अपराह्न काल को केवल स्पर्श की रही है। अत: यह पर्व 25 अगस्त सोमवार के दिन ही मनाया जायेगा।

(12) कलंक-चतुर्थी (चन्द्रदर्शन निषेध) (26-27 अगस्त)

भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी के दिन चन्द्रदर्शन होने पर मिथ्या कलंक लगता है। इसका अभिप्राय यह है कि यदि चतुर्थी तिथि में चन्द्र-उदय होकर पंचमी-तिथि तक वर्तमान हो (अर्थात् चन्द्र-अस्त पंचमी तिथि में हो), तो सिद्धिविनायक व्रत के दिन चन्द्रदर्शन करना या होना दोषकारक नहीं होता तथा यदि पहले दिन सायंकाल से चतुर्थी तिथि की व्याप्ति हो जाए अर्थात् तृतीया में चन्द्रोदय होकर चतुर्थी तिथि व्याप्ति तक चन्द्रदर्शन हो (चन्द्र अस्त चतुर्थी तिथि में हो), तो चन्द्रदर्शन का दोष पहले दिन होगा, चाहे उस दिन सिद्धि विनायक व्रत न भी हो। निष्कर्ष यह है कि चतुर्थी में ही चन्द्रदर्शन का दोष है। सिद्धि विनायक व्रत का इससे सम्बन्ध नहीं है। जोकि मध्यान्ह-व्यापिनी ग्राह्य होता है।

इस वर्ष (वि. संवत् 2082) में 'सिद्धि विनायक व्रत' मध्यान्ह-व्यापिनी 27 अगस्त, बुधवार को है। परन्तु चतुर्थी तिथि 26 अगस्त, मंगलवार की दोपहर 01 बजकर 55 मि. से प्रारम्भ हो रही है। तथा इस दिन चतुर्थी के समय ही रात्रि 08 बजकर 45 मि. पर चन्द्रोदय होगा । जबकि 27 अगस्त को चतुर्थी तिथि दोपहर बाद 03 बजकर 45 तक है। तथा इस दिन चन्द्रास्त रात्रि 09 बजे होगा। जबकि उस समय पंचमी तिथि व्याप्त होगी। इस प्रकार उत्तरी भारत में तो लोग शास्त्रनिर्देशानुसार 26 अगस्त, मंगलवार को ही चन्द्रदर्शन का निषेध मानेंगे। परन्तु महाराष्ट्र आदि कुछ राज्यों में 27 अगस्त, बुधवार को चन्द्रदर्शन निषेध का विचार करेंगे तथा कलंक चतुर्थी, पत्थर-चौथ आदि इसी दिन मनाई जाएगी।

(13) श्रीसत्यनारायण व्रत (भाद्रपद पूर्णिमा, 7 सितम्बर)

7-8 सितम्बर, 2025 ई. की मध्यरात्रि में घटित होने वाला खग्रास चन्द्रग्रहण भारत में दृश्यमान होगा। इस ग्रहण का सूतक 7 सितम्बर, 2025 को दोपहर 12 बजकर 57मि. पर प्रारम्भ होगा, यह सूतक इसी दिन प्रदोष काल में जिस समय श्री सत्यनारायण कथा आदि होती है, विद्यमान होगा। अतएव इस व्रत का आचरण करने वालों को चन्द्रोदय के समय स्नान (गंगाजल मिश्रित) करके भगवान् सत्यनारायण की पूजादि करनी चाहिए। ऐसा करने से ग्रहणदोष सम्मार्जित हो जाता है। यहाँ श्रीसत्यनारायण को पक्व अन्न (पंजीरी आदि) का भोग नहीं लगाना चाहिए। इस बारे शास्त्रवचन है- 'स्नात्वा कर्माणि कुर्वीत पक्वमन्नं विवर्जयेत्॥ अतः यहाँ फल एवं सूखे मेवे आदि का ही भोग लगाना चाहिए और चरणामृत हेतु कुशायुक्त दूध का प्रयोग करना चाहिए।

(14) आश्विन कृष्ण चतुर्थी का महालय श्राद्ध (10 सितम्बर)

आश्विन कृष्णपक्ष (पितृपक्ष) के किए जाने वाले सभी श्राद्ध 'पार्वण-श्राद्ध' कहलाते हैं। पित्तरों के निमित्त किए जाने वाले मृत्यु-तिथ्यनुसार सभी श्राद्ध अपराहण-व्यापिनी तिथि में करने की शास्त्राज्ञा है।

इसवर्ष आश्विन कृष्ण चतुर्थी तिथि 10 सितम्बर, 2025 ई. को दोपहर 01 बजकर 39मि. से सायं 04 बजकर 07 मि. तक अपराहण-काल को स्पर्श कर रही है। अतएव 'चतुर्थी तिथि' का पार्वण श्राद्ध तो 10 सितम्बर, बुधवार को होगा। क्योंकि 11 सितम्बर को चतुर्थी अपराहण-काल से पहिले ही समाप्त हो जाएगी। इसी प्रकार तृतीया तिथि का श्राद्ध भी 10 सितम्बर, बुधवार को ही होगा। क्योंकि तृतीया तिथि दोपहर 01बजकर 39 मिं. से 03 बजकर 39 मि. तक अपरान्ह-काल को व्याप्त कर रही है।

(15) उपाङ्ग ललिता व्रत (26 सितम्बर, शुक्रवार)

यह व्रत अपराहणव्यापिनी आश्विन शुक्ल पंचमी के दिन किया जाता है-

'अत्र पंचमी अपराह्णव्यापिनी ग्राह्या, अपराह्नस्यैव तत्पूजाकालत्वोपपत्तेः'

(धर्मसिन्धुः)

इस वर्ष आश्विन शुक्ल पंचमी 26 सितम्बर, शुक्रवार को ही अपराहण-व्यापिनी है। अतः यह पर्व इस वर्ष पहिले दिन (26 सितम्बर, 2025 ई.) को ही होगा।

(16) शरद् पूर्णिमा व्रत (6 अक्तूबर, सोमवार)

प्रदोष एवं निशीथव्यापिनी आश्विन पूर्णिमा में शरद् पूर्णिमा व कोजागर व्रत होता है। यदि पहले

दिन पूर्णिमा निशीथव्यापिनी हो और दूसरे दिन प्रदोषव्यापिनी न हो तो यह व्रत पहले दिन ही करना चाहिए। यथा–इस वर्ष पूर्णिमा तिथि 6 अक्तूबर, 2025 ई. को पूर्णतया निशीथ (अर्धरात्रि) एवं प्रदोष को व्याप्त कर रही है। दूसरे दिन 7 अक्तूबर को तो यह प्रदोष को स्पर्श भी नहीं कर रही। अत: 6 अक्तूबर, 2025 ई. को ही ये दोनों पर्व होंगे।

(17) करक चतुर्थी (करवा चौथ) व्रत (10 अक्तूबर, शुक्रवार)

शास्त्रानुसार यदि किसी वर्ष तृतीयायुक्त चतुर्थी में चन्द्रोदय न हो और दूसरे दिन भी चतुर्थी में चन्द्रोदय न हो, तो परयुक्ता अर्थात् उदय–व्यापिनी चतुर्थी ग्रहण करें। यदि दोनों दिन चतुर्थी व्यापिनी में चन्द्रोदय हो, तो पहली तृतीयायुक्त लें। परन्तु यदि दोनों दिन चतुर्थी में चन्द्रोदय न हो तो परयुता चतुर्थी ही ग्रहण करें अर्थात् दूसरे दिन ही व्रत करने की शास्त्राज्ञा है–

प्रस्तुत वर्ष 9 अक्तूबर, गुरुवार को तृतीया तिथि रात्रि 10 बजकर 55 मिं. तक व्याप्त रहेगी। परन्तु 10 अक्तूबर, शुक्रवार को चतुर्थी तिथि रात्रि 07 बजकर 39 मिं. तक ही व्याप्त रहेगी। सम्पूर्ण भारत में इसदिन चन्द्रोदय (सुदूर पूर्वी भारत को छोड़कर) चतुर्थी तिथि की समाप्ति रात्रि 07 बजकर 39 मिं. के बाद ही होगा। दोनों दिन चतुर्थी तिथि चन्द्रोदय का स्पर्श नहीं कर रही है। (अर्थात् चन्द्रोदय के समय चतुर्थी तिथि नहीं होगी।)

अत: शास्त्रीय–निर्णयानुसार करक–चतुर्थी व्रत (करवा चौथ) दूसरे दिन ही अर्थात् (10 अक्तूबर, शुक्रवार) को ही किया जाएगा।

(18) गोवत्स द्वादशी (17 अक्तूबर, शुक्रवार)

प्रदोष व्यापिनी कार्तिक कृष्ण द्वादशी में 'गोवत्स द्वादशी' मनाई जाती है। इस वर्ष कार्तिक कृष्ण द्वादशी 17 अक्तूबर, 2025 ई. को ही 'प्रदोषव्यापिनी' है। अत: यह व्रत/पूजन इसीदिन होगा।

(19) हरि प्रबोधिनी एकादशी व्रत (1–2 नवम्बर, शनि–रवि)

इस वर्ष कार्तिक शुक्ल द्वादशी तिथि का क्षय होने के कारण एकादशी द्वादशी व त्रयोदशी तिथि का एक ही वार में संगम होने के कारण निर्णय सिन्धु के मतानुसार स्मार्त (सन्यासि व ग्रहस्थ) शनिवार 01 नवम्बर व वैष्णव सम्प्रदाय द्वारा रविवार 2 नवम्बर के दिन देव प्रबोधिनी एकादशी व्रत किया जायेगा।

(20) दीपावली (लक्ष्मी पूजन) (21 अक्तूबर, मंगलवार)

धर्म सिन्धु के अनुसार ''परादिन एवं दिनद्वये वा प्रदोषव्याप्तौ पर पूर्वत्रैव प्रदोष व्याप्तौ लक्ष्मी पूजादौ पूर्वा, अभ्यङ्गस्नानादौ परा, एवमुभयत्र प्रदोष व्याप्तभावपि ।।

अत: धर्मसिन्धु में दिए गए उपरोक्त श्लोक के अनुसार तथा सभी शास्त्र-वचनों के अनुशीलन के पश्चात् हमारे मतानुसार 21 अक्तूबर, 2025 ई., मंगलवार को ही दीपावली पर्व तथा श्रीलक्ष्मीपूजन करना शास्त्रसम्मत होगा। सम्पूर्ण भारत में यह पर्व इसीदिन होगा। यही निर्णय भारत के अधिकतर पंचांगकारों को मान्य है।

ध्यान दें, कुछ पंचांगकारों के मतानुसार पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, पश्चिमी महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरला आदि राज्यों में जहाँ अमावस्या तिथि प्रदोषकाल से पूर्व ही समाप्त अर्थात् जहाँ सूर्यास्त सायं 05 बजकर 55 मि. के बाद होगा, हो जाएगा, वहाँ दीपावली पर्व 20 अक्तूबर, सोमवार को करना चाहिए, तर्कसंगत नहीं है,

अत: अन्तिम निर्णय यही है कि 21 अक्तूबर, मंगलवार को ही धर्मनिष्ठ लोग सूर्यास्त के पश्चात् अल्पकालिक प्रदोषकाल-व्याप्त अमावस्या के बावजूद सायं काल से प्रदोषकाल समाप्ति तक अर्थात् सूर्यास्त से आधा घण्टा पहिले से सूर्यास्त के बाद लगभग 2 घं.-24मिं. तक की कालावधि में नि:सन्देह होकर लक्ष्मीपूजन कर सकते हैं।

(21) तुलसी विवाह(2 नवम्बर, रविवार)

कार्तिक शुक्ल (देव प्रबोधिनी) एकादशी की पारणा वाले दिन अथवा इससे अगले चार दिन (द्वादशी, त्रयोदशी, चतुर्दशी व पूर्णिमा वाले) किसी भी दिन विवाह नक्षत्र में तुलसी विवाह किया जाता है। ऐसा शास्त्र विधान है। - इस वर्ष 02 नवम्बर 2025 ई0 को देवप्रबोधोत्सव है। इसदिन पूर्वरात्री में विवाह नक्षत्र उ. भा.ही है। अत: इसे इसी दिन तुलसी विवाह शास्त्र सम्मत है।

नोट कुछ शास्त्रकार व्यतीपात/वैद्युति योग, द्वादशी तिथी एवं रविवार को तुलसी दल का स्पर्श एवं तोड़ने का निषेध मानते है। अत: तुलसी विवाह 3 नवम्बर सोमवार विवाह नक्षत्र रेवती में मनाना भी शास्त्र सम्मत ही रहेगा।

(22) वैकुण्ठ-चतुर्दशी (3 नवम्बर, सोमवार)

कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी को वैकुण्ठ चतुर्दशी मनाई जाती है। इसे मनाने की दो परम्परायें प्रचलन में है (1) कुछ श्रद्धालु निशीथव्यापिनी चतुर्दशी को यह पर्व मनाते ही (2) दूसरी परम्परा के अनुसार पहले दिन उपवास करके अरुणोदय व्यापिनी चतुर्दशी में शिवपूजा के बाद अरुणोदय के समय पारणा करने का विधान है। इस वर्ष चतुर्दशी 3 नवम्बर सोमवार को अरुणोदय व्यापिनी होने से यह पर्व इसी दिन मनाया जायेगा। 4 नवम्बर को सूर्योदय से पहले भगवान शिव व विष्णु

की पूजा करनी चाहिये।

(23) पद्मक योग (6 नवम्बर, 2025 ई.)

विशाखा नक्षत्र में सूर्य के संचारकालीन जब चन्द्रमा कृतिका नक्षत्र में हो तब– '**पद्मक योग**' होता है। किसी भी तीर्थस्थल, परन्तु विशेष रुप से तीर्थराज पुष्कर (राजस्थान) में इस योग में स्नान–दान–स्तोत्र के पाठ का विशेष म्हातम्य माना जाता है।

इस योग में सूर्य–स्तोत्र, गुरु–स्तोत्र, सूर्य गायत्री, गुरु गायत्री मन्त्रों का पाठ तथा दोनों ग्रहों सम्बन्धी यथाशक्ति दान, जप तथा कृतिका स्वामी (विश्वस्वामी सूर्य) के दर्शन किए जाएँ तो ब्राह्मण सात जन्म तक वेद–परायण और धनाढ्य होता है।

वि. संवत् 2082 में कार्तिक पूर्णिमा के आगामी दिवस 6 नवम्बर, 2025 ई. को सूर्य के विशाखा नक्षत्र में दोपहर 02 बजकर 51 मि. से प्रवेश करते ही यह (पद्मक) योग प्रारम्भ हो जाएगा। सायं प्रदोषकाल तक इसका विशेष माहात्म्य रहेगा।

(24) पुत्रदा एकादशी व्रत (पौष शुक्ल 30–31 दिसम्बर)

इस वर्ष पौष शुक्ल एकादशी का क्षय है अतः स्मार्तो को एकादशी व्रत दशमीविद्धा एकादशी में ही करना होगा, क्योंकि ऐसा न करने पर (द्वादशी के दिन वैष्णवों के व्रत के साथ ही व्रत करने पर) उनको पारणा त्रयोदशी में करनी पड़ेगी, जोकि उनके लिए सर्वथा निषिद्ध है, इसीलिए इस वर्ष यह पुत्रदा एकादशी व्रत स्मार्तो के लिए 30 दिसम्बर, 2025 ई. को तथा वैष्णवों के लिए 31 दिसम्बर, 2025 ई. के दिन लिखा गया है।

(25) श्रीसत्यनारायण व्रत (पौष पूर्णिमा) (2 जनवरी, 2026 ई.)

शास्त्रानुसार श्रीसत्यनारायण व्रत प्रदोषव्यापिनी एवं चन्द्रोदय–व्यापिनी पूर्णिमा के दिन किया जाता है। इस वर्ष पौष पूर्णिमा 3 जनवरी, 2026 ई. को दोपहर बाद 03 बजकर 33मिं. पर समाप्त हो रही है, जिस कारण यह इसदिन (सूर्यास्त से पहिले) प्रदोष व्यापिनी नहीं होगी।

ता. 2 जनवरी, 2026 ई. को पूर्णिमा सायं 06 बजकर 54 मिं. से प्रारम्भ हो रही है, जिससे इसीदिन प्रदोष एवं रात्रि–व्यापिनी (चन्द्रोदय) पूर्णिमा होगी। अतएवं इस मास का श्रीसत्यनारायण व्रत 2 जनवरी, 2026 ई., शुक्रवार को ही रखना शास्त्रसम्मत होगा।

(26) भीष्म–द्वादशी (29 जनवरी, 2026 ई.)

माघ शुक्ल द्वादशी को '**भीष्म–द्वादशी**' मनाई जाती है। इसमें व्रत को ब्रह्मार्पण करके ब्राह्मणों

को भोजन कराकर पारणा करें। युग्मवाक्य के अनुसार यह द्वादशी एकादशी-विद्धा ही ली जाती है। '**द्वादशी तु एकादशीविद्धा ग्राह्या ॥**' इसीलिए '**भीष्म-द्वादशी**' 29 जनवरी, 2026 ई. को लिखी गई है।

(27) होलिका-दहन (2 मार्च, सोमवार, 2026 ई.)

प्रदोषकाल-व्यापिनी फाल्गुन पूर्णिमा के दिन भद्रा-रहितकाल में होलिका दहन किया जाता है। यथा-**सा प्रदोषव्यापिनी भद्रारहित ग्राह्या ॥** (धर्मसिन्धु:)

यदि पूर्णिमा दोनों दिन प्रदोषव्यापिनी हो अथवा दूसरे दिन वह प्रदोष से पूर्व (सूर्यास्त से पहिले) ही समाप्त हो जाए, तब पहिले ही दिन भद्रामुख को छोड़कर अथवा भद्रापुच्छ में, निशीथकाल से पहिले ही भद्रा समाप्त हो जाए तो भद्रा की समाप्ति पर '**होलिका दहन**' करना चाहिए। ऐसी शास्त्राज्ञा है।

इस वर्ष (वि. संवत् 2082 में) फाल्गुन पूर्णिमा केवल 2 मार्च, 2026 ई. को ही-प्रदोषव्यापिनी है। ता. 3 मार्च को तो वह प्रदोष को बिल्कुल स्पर्श नहीं कर रही। ता.2 मार्च, 2026 ई. को प्रदोषकाल जो कि लगभग सायं 06 बजकर 22 मिं. से रात्रि 08 बजकर 53 मिं. तक रहेगा, भद्रा से व्याप्त है और भद्रा निशीथ (अर्द्धरात्रि) से कहीं आगे जाकर अगले दिन-प्रात: 5:32 तक जाकर समाप्त हो रही है। अत: उपरोक्त शास्त्र निर्देशानुसार इस वर्ष होलिकादहन 2 मार्च, 2026 ई. को भद्रा के मुख को त्यागकर भद्रा में ही करना होगा। इसदिन भद्रा का मुख रात्रि 02 बजकर 38 मिं. से अतंरात्रि 04 बजकर 34 मिं. तक है। इस प्रकार स्पष्ट है, इसदिन भद्रामुख प्रदोष से बहुत दूर अर्धरात्रि के भी बाद विद्यमान् है। **अत: 2 मार्च, 2026 ई. को भद्रामुख/पुच्छ का विचार न करके भद्रा में ही प्रदोषकाल में 'होलिका-दहन' करना शास्त्रसम्मत ही होगा।**

(28) श्रीसत्यनारायण व्रत (फाल्गुन पूर्णिमा, 2 मार्च 2026 ई0)

इस वर्ष 2 मार्च, 2026 ई. को पूर्णिमा सूर्यास्त के बाद प्रदोषकाल को व्याप्त है, जबकि 3 मार्च को वह सूर्यास्त (प्रदोषारम्भ काल) से काफी पहिले ही समाप्त हो जाएगी अत: यह व्रत, जो नक्तव्रत माना गया है, 2 मार्च, 2026 ई. को ही माना जाएगा।

मेष राशि ARIES (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

मेष राशि के लिए वर्ष 2025 की शुरुआत उत्तम रहेंगी वर्ष के आरम्भ से 14 मई 2025 तक देव गुरु बृहस्पति वृष राशि में द्वितीय भाव में गोचर करेंगे, 15 मई 2025 से मेष राशि में गुरु का तीसरे भाव से गोचर आपके जीवन में बहुत ही शुभ फल लेकर आएगा, आपके भाग्य में वृद्धि होगी। इस वर्ष आपको मनपसन्द नौकरी मिल सकती है। देव गुरु बृहस्पति की शुभ दृष्टि आपकी धन धान्य की वृद्धि करेगी छात्रों के लिए यह वर्ष अपने सपनों को पूरा करने के लिए बहुत ही उत्तम रहेगा। अक्टूबर में देव गुरु बृहस्पति के चौथे भाग में गोचर से आपके बिगड़े कार्य बनने लगेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनने लगेगी। यह वर्ष मकान, भूमि, वाहन आदि की कमी को पूरा कर सकता है।

मेष राशि वालों को वर्ष के प्रारम्भ से अंत तक धन धान्य की कोई कमी नहीं होगी वहीं स्वास्थ्य की दृष्टि से यह वर्ष बहुत ही उत्तम रहेगा। आपको पुराने रोगों से छुटकारा मिल सकता है। आपका मन आध्यात्मिक कार्यो में लगेगा आपके विचार पवित्र एवं सकारात्मक रहेंगे। इस वर्ष आपको बड़े भाई का भी सहयोग मिल सकता है। इस साल आपको विदेश यात्राओं को करने के भी अनेक अवसर प्राप्त होंगे, राहु के द्वादश भाव में आने से कई बार अचानक खर्च भी अधिक होगा लेकिन विदेश से जुड़ी यात्राओं का आपको लाभ मिलेगा। कुल मिलाकर नव वर्ष मेष राशि वाले जातकों के लिए उत्तम एवं लाभकारी रहेगा।

उपायः-नित्य हनुमान चालीसा का पाठ करें, हनुमान जी का विधिवत् पूजन करें, लाल गाय को गुड़ खिलाये, लाल वस्तुओं का दान करें, नागदामीन और अनन्तमूल का पौधा घर या मन्दिर में लगाये।

वृष राशि TARUS (ई, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो)

वृष राशि वालों के लिए यह वर्ष मिश्रित फल लेकर आएगा हांलाकि वृष राशि में वर्ष के आरम्भ में देवगुरु बृहस्पति प्रथम भाव से गोचर करेगें तथा 14 मई 2025 से दूसरे भाव से गोचर करेगें दूसरे भाव से बृहस्पति का गोचर उतार, चढ़ाव लेकर आयेगा आपको अपने आर्थिक फैसले सोच समझकर लेने होंगे आपको बड़े निवेश के लिए किसी अच्छे अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेनी चाहिए शेयर बाजार से दूरी आपके लिए उत्तम रहेगी, योजनाओं की कमी तथा गलत निर्णय आपके लिए धन हानिकारक हो सकते हैं।

इस वर्ष आपके वैवाहिक जीवन में तनाव रह सकता है, घर के सदस्यों में भी आपस में मन मुटाव बढ़ेगा मार्च 2025 में शनि का त्रयोदश गोचर आपके जीवन में राहत लेकर आएगा आपकी

परिस्थितयाँ धीरे-धीरे बदलेंगी आपको किस्मत का साथ मिलेगा आपकी आमदनी में बदलाव आ सकता है। इस वर्ष आपका अधिकांश समय अपने जीवन की सुरक्षा और चिंता को लेकर परेशानी में रह सकता हैं। आर्थिक दृष्टि से वर्ष आरम्भ में धीमी गति रहने वाली है। तथा आपको अपने प्रयासों के परिणाम देरी से मिल सकते हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से वर्ष प्रारम्भ में आपका स्वास्थ्य उत्तम रहने वाला है। 2025 के प्रारम्भ में आपके जीवन में प्रेम की नई शुरुआत हो सकती है। इस वर्ष आपको सच्चे प्यार की कमी पूरी होने की सम्भावनाएं है।

उपायः- नित्य तुलसी को जल चढ़ाये। सफेद वस्तुओं का दान करें, मजिष्ठा का पौधा अपने मुख्यद्वार पर लगाएँ, ॐ नमः शिवाय का नित्य जप करे।

मिथुन राशि GEMINI (का, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह)

मिथुन राशि वालो का यह नव वर्ष श्रेष्ठ रहने वाला है वर्ष आरम्भ में देव गुरु बृहस्पति 12 वें भाव में गोचर करेंगे और 14 मई 2025 में अपने प्रथम भाव से बृहस्पति गोचर करेंगे जिसके कारण आपका करियर बदलना शुरु हो जायेगा 2025 मई में गुरु प्रथम भाव में गोचर करने से आपके जीवन में सुख समृद्धि और धन वैभव आने की उम्मीद है। वैवाहिक सुख के लिए भी यह उत्तम समय रहेगा आपको शिक्षा के क्षेत्र में भी अपार सफलता मिलेगी आपका धार्मिक कार्यो में मन लगेगा आपके जीवन में आध्यात्मिकता का संचार होगा आप शारीरिक एवं मानसिक रुप से स्वस्थ रहेंगे आर्थिक रुप मान सम्मान एवं प्रतिष्ठा मिलेगी छात्रों के लिए यह गोचर उत्तम रहेगा आपके जीवन में आय के अनेक नये अवसर आयेंगे समाज में आपको समय बहुत ही उत्तम एवं भाग्यशाली रहेगा विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में अपार सफलता के योग बनते दिखाई दे रहे हैं, मार्च 2025 से आपके जीवन में सुख सुविधाओं और वैवाहिक जीवन के लिए उत्तम रहने के प्रबल योग बन रहे हैं। 29 मई को राहू मिथुन राशि के नवम भाव से गोचर करेंगे इस दौरान आप उच्च शिक्षा के लिए विदेश जा सकते हैं। कुल मिलाकर यह वर्ष आपके लिए आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक सभी क्षेत्रों के लिए उत्तम रहने की उम्मीद है।

उपायः- गाय की सेवा करे, नित्य गरीबों को भोजन कराय, विधारा के पौधे को घर के द्वार पर लगाये भगवान शिव का पूजन करे।

कर्क राशि CANCER (हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

वार्षिक राशिफल के अनुसार यह वर्ष कर्क राशि वालों के लिए मध्यम रहेगा इस साल आपको कड़ी मेहनत के दम पर ही सफलता मिलने की उम्मीद है। वर्ष आरम्भ से लेकर 14 मई 2025 तक देवगुरु बृहस्पति आपके ग्यारवें भाव से गोचर करेंगे जिसके चलते वर्ष का आरम्भ आपके लिए शुभ रहेगा, आपके जीवन में खुशियो का आगमन होगा आपके वैवाहिक जीवन में सुख

समृद्धि आएगी और आपकी आर्थिक स्थिति भी स्थिर रहेगी लेकिन 14 मई 2025 के बाद गुरु आपकी राशि से 12वें भाव से गोचर करेंगे इस दौरान खर्चों पर आपको नियंत्रण करना पड़ सकता है, मार्च 2025 में शनि आपके नवम भाव से गोचर करेंगे जिसके कारण आपका दोस्तों से मेल मिलाप बढ़ेगा आपके वैवाहिक जीवन में आपसी प्रेम और प्रतिष्ठा बढ़ेगी ।आर्थिक दृष्टि से इस वर्ष की शुरुआत अच्छी रहेगी लेकिन मध्य समय पर उतार–चढ़ाव भी देखने को मिल सकते है कुल मिलाकर आपको इस वर्ष अलग–2 साधनों से धन कमाने का मौका मिलेगा। देवगुरु बृहस्पति की शुभ दृष्टियाँ आपके कारोबार में निरंतर उन्नति प्रदान करेगी ।इस वर्ष में स्वास्थ्य के आपको मिले जुले परिणाम मिलेंगे इस वर्ष नौकरी पेशा लोगों के लिए थोड़ा दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। वैवाहिक एवं प्रेम सम्बन्धों के लिए यह वर्ष मिला जुला रहेगा सावधानी से कार्यो में ध्यान दें कुल मिलाकर यह वर्ष आपको आपकी राशि के हिसाब से सभी क्षेत्रों में मिश्रित फल देगा।

उपायः– सफेद वस्तुओं का दान करें, खिरनी का पौधा लगाये, ॐ नमः शिवाय का जप करें, पूर्णिमा का उपवास करें, चाँदी का दान करें।

सिंह राशि LEO (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टू, टे.)

सिंह राशि वालों के लिए यह वर्ष आरम्भ से बहुत उत्तम मध्य भाग में मिश्रित एवं अन्तिम भाग चुनौतियाँ ला सकता है। इस वर्ष के प्रारम्भ में देवगुरु बृहस्पति आपके दशम भाव तथा 4 मई 2025 के बाद एकादश भाव से गोचर करेंगे जिसके कारण आपको जीवन में अनेक प्रकार की सफलताएँ तथा उचित प्रगति की प्राप्ति होने की पूर्ण सम्भावनाएँ है। छात्रों के लिए यह वर्ष बहुत लाभदायक रहने की सम्भावनाएँ है। सितंबर 2025 में गुरु का राशि परिवर्तन थोड़ा समय के लिए आयेगा जो कि आपके लिए सावधानी भरा रहेगा। आर्थिक क्षेत्र के लिए यह वर्ष आपके जीवन में उन्नति लेकर आयेगा आपका व्यापार बहुत ही उत्तम रहेगा भविष्य के लिए नये घर की योजना बन सकती है इस वर्ष आपके हर प्रयास को अच्छी सफलता मिल सकती है। तथा नौकरी पेशा लोगों को तरक्की मिलने की पूर्ण सम्भावनाएँ है, स्वास्थ्य की दृष्टि से यह वर्ष मिश्रित परिणाम दे सकता है। वर्ष आरम्भ में स्वास्थ्य उत्तम रहेगा लेकिन मध्य भाग से कुछ मानसिक क्लेश आपको परेशान कर सकती है। करियर के लिए यह वर्ष अनेक शुभ अवसर तथा देव गुरु बृहस्पति का शुभ प्रभाव आपके जीवन में काफी परिवर्तन लेकर आने वाला है। प्रेम सम्बन्धों के हिसाब से यह वर्ष आपके लिए मिश्रित फल देने वाला है।

उपायः– प्रतिदिन सूर्य की उपासना करें, सूर्य को नित्य ताम्रपात्र से अर्ध्य दें, आदित्य हृदय श्लोक का पाठ करे, बेल का वृक्ष किसी शुभ स्थान पर लगाये लाल वस्तुओं का दान करें।

कन्या राशि VIRGO (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

कन्या राशि वालों के लिए यह वर्ष अति उत्तम तथा इच्छाओं की प्रतिपूर्ति करने वाला है। वर्ष के आरम्भ में बृहस्पति नवम भाव तथा मई 2025 के बाद दशम भाव से गोचर करेंगे और अक्टूबर से दिसंबर तक एकादश भाव में गोचर करेंगे देवगुरु बृहस्पति की शुभता पूरे वर्ष आनन्द तथा पूर्ण सुख देने वाली रह सकती है। आपको इस वर्ष अनेक खुशियों का संचार होगा आपके बिगड़े काम बनेंगे इस साल गुरु की कृपा से धन का अभाव नहीं रहेगा। 29 मई 2025 से राहु आपके छठे भाव और केतु 12वें भाव से गोचर करेंगे जिसके चलते आप शत्रु पक्ष पर भारी रहेंगे विरोधियों को परास्त करेंगे।आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष आपके लिए विशेष मंगलकारी रहेगा इस वर्ष अनेक साधनों से आपके पास धन आने की पूर्ण सम्भावनाएँ बनी हुई हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह वर्ष आपके लिए पिछले वर्ष की तुलना में लाभकारी रहेगा। करियर की दृष्टि से भी यह वर्ष आपके लिए कल्याणकारी एवं लाभकारी रहने की पूर्ण सम्भावनाएँ है। प्रेम, करियर तथा वैवाहिक जीवन के लिए भी यह वर्ष उन्नति कारक तथा प्रगतिकारक रहेगा कुल मिलाकर यह वर्ष आपके लिए हर क्षेत्र में कल्याणकारी रहने वाला रहेगा।

उपायः– व्यवसाय के लिए गुरु की उपासना करें, केसर का तिलक लगायें, हरी वस्तुओं का दान करें, विधारा और अपामार्ग का पौधा लगाये।

तुला राशि LIBRA (रा, री, रु, रे, रो, ता, ति, तु, ते)

तुला राशि वालों को यह वर्ष कुछ बड़े बदलावों वाला रहेगा इस वर्ष आपको अच्छे और बुरे दोनों तरह के अनुभव देखने को मिलेंगे इस साल आपको हर क्षेत्र में काफी मेहनत करने के बाद ही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। वर्ष के आरम्भ में गुरु अष्टम भाव से गोचर करेंगे तथा 14 मई 2025 के बाद नवम भाव से गुरु गोचर करेंगे यह समय आपके लिए अनुकूलता लाएगा आपको प्रयासों में सफलता मिलेगी यदि आप नौकरी पेशा है तो आपका स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। लेकिन वैवाहिक जीवन में तनाव और कलह–क्लेश बना रह सकता है। आर्थिक दृष्टि से आपको इस वर्ष मिले–जुले परिणाम मिल सकते हैं हांलाकि वर्ष के प्रारम्भ में आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, मार्च 2025 में शनि तुला राशि वालों के छठे भाव से गोचर करेगा जो कि कई प्रकार की चुनौतियाँ लेकर आ सकता है। स्वास्थ्य की ओर से यह वर्ष मध्यम एवं मिश्रित फल कारक रहेगा अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। करियर की ओर से आपको इस वर्ष कड़ी मेहनत – करनी पड़ सकती है। प्रेम सम्बन्धों के लिए यह वर्ष उतार–चढ़ाव भरा रह सकता है।

उपायः– लक्ष्मी साधना करें, श्री सूक्त का पाठ नित्य करें, सफेद वस्तुओं का दान करें, उदयाम्बर

का वृक्ष लगाये, अत्यधिक भावुक होकर कोई निर्णय न लें।

वृश्चिक राशि SCORPIO (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

वृश्चिक राशि वालों के लिए यह वर्ष आपके जीवन के हर क्षेत्र के लिए कल्याणकारी रहने वाला हो सकता है। वर्ष के प्रारम्भ में गुरु सप्तम भाव से गोचर करेंगे 14 मई 2025 से गुरु अष्टम भाव से गोचर करेंगे और अक्टूबर से दिसंबर तक नवम भाव में गोचर करेंगे। यह वर्ष आपके लिए सुखद रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में खुशियाँ बढ़ेंगी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी अविवाहित लोगों का विवाह होने की सम्भावनाएं है व्यापारियों को उत्तम आर्थिक लाभ हो सकता है। वृश्चिक राशि में गुरु का अष्टम गोचर करने से पारिवारिक जीवन में अशान्ति बढ़ सकती है। आपके व्यक्तिगत रिश्तों में दिक्कतें पैदा हो सकती है। आर्थिक मामलों में भी दिक्कतें आ सकती है। मार्च 2025 में शनि पंचम भाव से गोचर करने से वृश्चिक राशि वालों को आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष धन धान्य देने वाला तथा उन्नति एवं कल्याण करने वाला रह सकता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा अच्छा रहेगा पुराने रोगों से छुटकारा मिल सकता है, आपका मन शांत रहेगा करियर की दृष्टि से भी यह वर्ष आपके लिए सर्वोत्तम वर्षों में से एक हो सकता है। अक्टूबर से दिसम्बर तक गुरु आपके नवम भाव से गोचर करेगा जिसके चलते यह वर्ष आपके लिए हर प्रकार से उन्नति और कल्याणकारक रहेगा।

उपायः- मंगलवार का व्रत रखें, बंदरों को गुड व चना खिलायें, हनुमान जी की उपासना करें, लाल वस्तुओं का दान करें, खैर, पीपल, बड़ आदि वृक्षों का रोपण करें।

धनु राशि SAGITTARIUS (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)

